हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, रविवार, 30 मार्च 2025

13 फ्यूचर मेकर कंपनी के राधेश्याम ने कहा सबको पैसे मिलेंगे वापस...



14 टोहाना में बराला समर्थक रमन मड़िया बने शहरी अध्यक्ष...



## खबर संक्षेप

### रोडवेज कर्मचारी 3 व 4 को करेंगे भूख हड़ताल

**फतेहाबाद।** सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ रोडवेज सांझा मोर्चा के आह्वान पर प्रदेशभर में रोडवेज कर्मचारी 4 अप्रैल को सामूहिक 24 घंटे की भूख हड़ताल करेंगे, जिसमें साझे मोर्चा से जुड़ी विभिन्न कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी भाग लेंगे। यह बात हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान कुलदीप पाबड़ा ने कही। वो फतेहाबाद डिपो की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ संघ के राज्य महासचिव चमन स्वामी ने भी संबोधित किया।

### महिला को भेजी अश्लील वीडियो, दो युवकों पर केस

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद जिले में महिला की इंस्टाग्राम आईडी पर एडिट करके अश्लील वीडियो भेजने का मामला सामने आया है। भट्टू थाना पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर राजस्थान के चूरू जिले के तारानगर निवासी दो युवकों के खिलाफ आईटी एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की धारा 3(5) के तहत केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की है।

### हरवीर बने लायंस क्लब रतिया सिटी के अध्यक्ष

**रतिया।** लायंस क्लब रतिया सिटी की बैठक लायंस क्लब रतिया में अध्यक्ष प्रदीप बंसल के की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में क्लब द्वारा समाज में किये जा रहे सेवा कार्यों व अन्य मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में आगामी वर्ष के लिए सभी सदस्यों ने सर्व समिति से क्लब के पूर्व में रहे उपाध्यक्ष हरवीर जोड़ा को क्लब का अध्यक्ष चुना गया और उनको अपनी कार्यकारिणी चुनने का अधिकार दिया गया। इस मौके पर नवनियुक्त अध्यक्ष हरवीर जोड़ा ने क्लब के सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि लायंस क्लब रतिया द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, चह उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे।

### पुलिस ने मकान में चोरी के आरोपी को किया काबू

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने टिब्बा कालोनी स्थित एक मकान में हुई चोरी के मामले में एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान रिन्कू पुत्र अमर सिंह निवासी अरोड़ा कालोनी रतिया के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 13 जनवरी को टिब्बा कालोनी रतिया निवासी रजत कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह अपने मकान को ताला लगाकर परिवार के साथ बाहर गया था। दोपहर बाद जब वह वापस घर आया तो उसने देखा कि उसके घर पर सारा सामान बिखरा पड़ा था।

### 'कालयुक्त' नाम से जाना जाएगा नव संवत्सर

# हिन्दू नववर्ष 2082 के शुभारंभ के साथ आई नवरात्रे की शुभ घड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2082 का आज शुभारंभ हो गया। रविवार 30 मार्च को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ ही न केवल नव संवत्सर की शुरुआत हुई बल्कि नवरात्रि की शुभ घड़ियां भी शुरू हो गई हैं। इस वर्ष का संवत्सर 'कालयुक्त' नाम से जाना जाएगा, जो ज्योतिषीय दृष्टि से काफी प्रभावशाली माना जा रहा है। इससे पहले, विक्रम संवत 2081 पिंगल संवत्सर का समापन 29 मार्च को शाम 4:33 बजे हो गया। इसी के साथ ही आज से चैत्र नवरात्रे आरंभ हो गए। आज रविवार को पहला नवरात्रा पड़ रहा है। हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रों का विशेष महत्व है। पंचांग के अनुसार साल में कुल चार बार नवरात्र होती है जिसमें दो गुप्त नवरात्र होती है, जिसे तंत्र साधना के लिए सबसे अच्छा माना जाता है, वहीं अन्य दो नवरात्रे को चैत्र और शारदीय नवरात्रे कहा जाता है। ऐसे ही चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होने वाली नवरात्रि को चैत्र नवरात्रे कहा जाता है। पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि नौ दिनों तक पडऩे वाली इस नवरात्रे में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा करने का विधान है। इसके साथ ही कलश स्थापना करने के साथ व्रत रखने का विधान है। इस साल चैत्र नवरात्रे 9 नहीं बल्कि केवल 8 दिन की पड़ रही है जिसकी शुरुआत 30 मार्च से हो रही है। पंडित राजेश शर्मा के अनुसार, चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 29 मार्च शाम 4 बजकर 27 मिनट से शुरू हो चुका है, जो आज दोपहर 12 बजकर 49 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में चैत्र नवरात्रे का आरंभ 30 से हो रहा है।



*पंचांग के अनुसार साल में कुल चार बार नवरात्र होती है जिसमें दो गुप्त नवरात्र होती है, जिसे तंत्र साधना के लिए सबसे अच्छा माना जाता है,वहीं अन्य दो नवरात्रे को चैत्र और शारदीय नवरात्रे कहा जाता है*



### अमावस्या के दिन मंदिरों, गुरूद्वारों और गोशालाओं में उमड़ी भीड़

*शनिवार को शनैश्चरी अमावस्या के दिन अलसुबह से ही मंदिरों, सरोवरों व गुरूद्वारों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। मंदिरों में अलसुबह ही घंटे और घड़ियाल बजते रहे और लोगों ने अपने पित्तरों की याद में दान-पुण्य किया व गोशालाओं में गायों को हरा चारा डाला। इस दिन शनि मंदिर में खासी भीड़ देखी गई। गुरूद्वारों में पूरा दिन लंगर चलता रहा। अमावस पर लोग जब नहरों पर पहुंचे तो नहरें बंद होने के कारण उन्हें निराश वापस लौटना पड़ा। यह अमावस खासकर पित्तरों के लिए महत्व रखती है इसलिए लोग पीपल के वृक्ष व कीड़ों-मकौड़ों को दाना डालते नजर आए। मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ किए गए। गुरूद्वारों में पाठ का भोग डाला गया। शहर में अनेक जगह लंगर चलाए गए। लोगों ने पित्तरों की निमीत गरीब लोगों को वस्त्र व अन्न दान किया।*

- दिन तिथि वार देवी पूजा
- प्रतिपदा 30 मार्च रविवार मां शैलपुत्री
- द्वितीया 31 मार्च सोमवार मां ब्रह्मचारिण, मां चंद्रघंटा
- तृतीया 1 अप्रैल मंगलवार मां कूष्मांडा
- चतुर्थी 2 अप्रैल बुधवार मां स्कंदमाता
- पंचम 3अप्रैल गुरुवार मां कात्यायनी
- षष्ठी 4 अप्रैल शुक्रवार मां कालरात्रि
- सप्तमी 5 अप्रैल शनिवार मां महागौरी
- अष्टमी 6 अप्रैल रविवार मां सिद्धिदात्री, राम नवमी

*इस बार चैत्र नवरात्रे में पहला मुहूर्त 30 मार्च को सुबह 06:13 मिनट से सुबह 10:22 मिनट तक है जबकि दूसरा मुहूर्त घटस्थापना का अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:01 मिनट से 12:50 मिनट तक है। पंडित राजेश शर्मा के अनुसार, इस साल चैत्र नवरात्रि पूरे 9 दिन ही नहीं बल्कि 8 दिन की होगी। चैत्र नवरात्र में पंचमी तिथि का छ्य हो रहा है। इसलिए 8 दिन के ही नवरात्रि पड़ेगी।*

### विजिलेंस से जांच की मांग

# रोड निर्माण कार्य में 25 लाख के गबन का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

कंबोज सुधार सभा रतिया के प्रधान भगवान दास ने मुख्यमंत्री व विजिलेंस विभाग के निदेशक को शिकायत पत्र भेजकर बुढलाड़ा रोड पर कंबोज धर्मशाला के चारों तरफ बनने वाले 25 लाख रुपए के रोड निर्माण कार्य में घपलेबाजी करने का आरोप लगाते हुए विजीलेंस जांच की मांग की है। इससे पहले उन्होंने जिला उपायुक्त व जिला नगर आयुक्त को भी रोड निर्माण कार्य की जांच के लिए शिकायत दी थी लेकिन जिला उपायुक्त के निर्देशों के बाद भी उचित तरीके से जांच नहीं की जा रही है। जांच को सवालों के घेरे में लेते हुए भगवान दास ने विजिलेंस विभाग को पत्र भेजा है।

कम्बोज समाज सुधार सभा के प्रधान भगवान दास ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व विजिलेंस विभाग के निर्देशक को शिकायत पत्र भेजकर मांग की है कि शहीद उधम सिंह धर्मशाला, रतिया की उक्त सडक़ के लिए जारी की गई 25 लाख की राशि की इंक्वारी की जाए व अधूरे पड़े कार्य को पूरा करवाया जाए। साथ ही इस गबन में शामिल अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। इस बारे में जब नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता हवा सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि 25 लाख रुपए की राशि का गबन करने के बारे में जिला उपायुक्त कार्यालय से जांच के लिए शिकायत पत्र आया हुआ है और मामले को लेकर जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही जांच के लिए शिकायतकर्ता के बयान भी दर्ज किए जाएंगे और बयान के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



**रतिया।** विजिलेंस विभाग के निदेशक को शिकायत भेजते हुए प्रधान भगवान दास।

### दो साल पहले मिला टेंडर

*प्रधान भगवान दास ने बताया कि शहीद उधम सिंह धर्मशाला रतिया के चारों तरफ की सडक़ कच्ची थी जिसको पक्का करवाने के लिए शहीद उधम सिंह धर्मशाला की समिति द्वारा सरकार से ग्रान्ट की मांग की गई थी। करीबन अढ़ाई साल पहले सरकार द्वारा इस सडक़ को बनवाने के टैंडर के लिए 25 लाख की राशि नगरपालिका रतिया को जारी कर दी गई थी और रतिया नगर पालिका ने रोड बनाने के लिए एक फर्म को टेंडर भी जारी कर दिया गया था और उस समय सडक़ का काम शुरू हुआ था। प्रधान ने आरोप लगाया कि करीबन 2-3 लाख का काम करने के बाद सडक़ का काम बन्द कर दिया।*

# शनि अमावस्या महोत्सव पर उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नोहरिया बाजार स्थित प्राचीन श्री शनि धाम में शनिवार को शनिश्चरी अमावस्या पर शनि अमावस्या महोत्सव का आयोजन किया गया। श्री शनिदेव मंदिर चेरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी आनंद भार्गव एवं चंद्रमोहन भृगुवंशी ने बताया कि मंदिर प्रांगण में सुबह श्री शनि शांति महायज्ञ का आयोजन विद्वानों की देखरेख में किया गया। इसके बाद शनि तेल अभिषेक व विशाल भंडारा शुरू किया गया। 29 मार्च को इस संवत का अंतिम दिन है और 30 मार्च को नए संवत का शुभारंभ की वजह से आज के दिन की महत्ता बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि शनिवारी अमावस्या का भगवान शनिदेव जी की पूजा अर्चना में विशेष महत्व है। शनिवारी अमावस्या के पावन अवसर पर भगवान शनिदेव जी की शिला पर तेल अभिषेक और दीपदान करने से मनुष्य के जीवन से अंधकार दूर हो जाता है और समृद्धि आती है। यहां वर्णनीय है कि नोहरिया बाजार स्थित शनिधाम सिरसा के प्राचीन देव स्थलों में शुमार है। यहां विराजमान भगवान शनिदेव की हाथी पर सवार पश्चिममुखी प्रतिमा है जो विशेष फलदायी है। इसके साथ ही यहां नौ अलग अलग वाहनों पर शनिदेव के नौ रूप व शिला रूप में शनि विराजमान है।



शनिश्चरी अमावस्या को शनिदेव मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

### चुनाव जीते पार्षद के गिरे मोबाइल फोन से ठगों ने 1.28 लाख रुपये निकाले, केस दर्ज

*फतेहाबाद। जाखल में नपा का चुनाव जीते पार्षद के गिरे मोबाइल फोन से अज्ञात ठगों ने 1 लाख 28 हजार रुपये निकाल लिए। पार्षद को ठगी का पता चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस को दी शिकायत में कुलवंत सिंह ने कहा है कि वह वार्ड नं. 1 से पार्षद है। 12 मार्च को जाखल नपा के चुनाव का परिणाम घोषित होने के बाद जब वह बाहर खड़ी पब्लिक में आया तो इसी दौरान उसका मोबाइल गिर गया । जिससे अज्ञात व्यक्ति ने 3 दिनों में 1 लाख 28 हजार 1 रुपये निकाल लिए है।*

# केंद्र सरकार की स्वच्छ भारत मिशन की टीम पहुंची रतिया, सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

**रतिया।** केंद्र सरकार की स्वच्छ भारत मिशन की टीम के सदस्यों ने आज रतिया शहर में स्वच्छ भारत अभियान का सर्वेक्षण किया और रतिया शहर में सफाई व्यवस्था एवं शौचालय की व्यवस्था का जायजा लिया। टीम में इंचार्ज रवि के नेतृत्व में आधा दर्जन सदस्य थे। टीम के सदस्य सर्वप्रथम फतेहाबाद रोड पर शौचालय की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पहुंचे। उन्होंने शौचालय की सफाई व्यवस्था को लेकर वीडियो ग्राफी एवं फोटोग्राफी भी की। उसके बाद में बाजार व बुढलाड़ा रोड पर भी सफाई व्यवस्था और शौचालय की व्यवस्था का जायजा लिया। जायजा लेने के लिए पहुंचे टीम के सदस्यों ने पत्रकारों को बताया कि केंद्र सरकार द्वारा स्वच्छ भारत सर्वेक्षण अभियान चलाया जाता है जिसके लिए पूरे भारतवर्ष में नगर पालिका को स्वच्छता बनाने के लिए कुछ बिंदु दिए जाते हैं। इस बिंदु के आधार पर ही पूरे भारतवर्ष में रैंक बनाया जाता है। इसको लेकर ही टीम द्वारा रतिया में आज सर्वे किया जा रहा है। सर्वे की रिपोर्ट बनाकर केंद्र सरकार के पास भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि आज रतिया शहर में कई स्थानों पर सफाई व्यवस्था एवं शौचालय का भी निरीक्षण किया गया है और इसकी रिपोर्ट तैयार करके भेजी जाएगी।



# जिला बार में पहुंचे प्रशासनिक न्यायाधीश संजय

### अधिवक्ताओं ने रखी समस्याएं, समाधान का मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट से प्रशासनिक न्यायाधीश संजय वशिष्ठ शनिवार को जिला बार एसोसिएशन सिरसा पहुंचे। उनके साथ वाणी गोपाल शर्मा जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा समस्त ज्यूडिशियल स्टाफ भी मौके पर उपस्थित रहा। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान गंगाराम ढाका ने न्यायाधीश का स्वागत करते हुए बार एसोसिएशन की कुछ समस्याएं रखी, जिनमें खासतौर पर जरूरतमंद वकीलों के लिए नए चैंबर्स का निर्माण तथा परमानेंट लोक अदालत में अध्यक्ष का पद काफी समय से खाली पड़ा है, उसकी नियुक्ति करने बारे, कालांवाली बार एसोसिएशन के लिए ज्यूडिशियल कांप्लेक्स के लिए जमीन आदि का निरीक्षण जरूरी करवाने व मल्टी स्टोरी पार्किंग की मांग की। इसके अलावा गौवंश के लिए स्पेशल अदालत हिसार में बना दी गई है, उसे वापस सिरसा लाने के लिए प्रशासनिक न्यायाधीश से आग्रह किया गया। उन्होंने आश्वासन दिया है कि इसे वापस लाने के लिए भरपूर कोशिश करूंगा। न्यायाधीश ने समस्त समस्याएं अत्यंत गौर से सुनी तथा उपस्थित समूह को आश्वासन दिया कि वे जल्दी से जल्दी इनको पूरी करवाने की कोशिश करेंगे। इस अवसर पर जिला बार संघ के उपप्रधान अनुज गनेरीवाला, केवल लाल कंबोज, संयुक्त सचिव भूपेंद्र कौर, वरिष्ठ अधिवक्ता तथा सभी जिला बार संघ के वकील व समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। संस्था के सचिव हरदीप सिंह सिद्धू ने आए हुए मेहमानों व अधिवक्ताओं का अपना कीमती समय निकालने के लिए धन्यवाद किया एवं मंच संचालन बखूबी निभाया।



**सिरसा।** न्यायाधीश संजय वशिष्ठ को सम्मानित करते जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।



TANISHQ
TATA की पेशकश
स्टोर उद्घाटन
आप सभी को आमंत्रित किया जाता है एक बड़े और बेहतर तनिष्क शोरूम हिसार रोड, सिरसा में जो आपको देगा शॉपिंग का आनंददायक अनुभव ।
आइये और सोने, हीरे तथा वैवाहिक गहनों की बड़ी रेंज का आनंद लीजिये ।
मुफ़्त सोने का सिक्का*
प्रत्येक ज्वेलरी की खरीद के साथ
28 से 30 मार्च 2025 तक
To locate your nearest store and know more on 8147349242. Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply, For T&C visit our website.
शोरूम: बस स्टैण्ड के सामने, हिसार रोड, सिरसा, हरियाणा - 125005. फ़ोन: 8222010000, 8607780000



# चांदी कर सकती है पौबारह, निवेश कर उठा ले फायदा

**मनी मंत्र** | **बिजनेस डेस्क**

- अभी एक लाख के पार निकले दाम, 1.8 लाख तक जा सकती है
- ईटीएफ के जरिए इसमें किया जा सकता है निवेश
- अब तक 1,00,400 रुपये प्रति किलो के रिकॉर्ड स्तर को छू चुकी

विदेश में मजबूत रुख के बीच स्टॉकिस्टों और खुदरा विक्रेताओं की लगातार खरीदारी से सोना और चांदी के दाम रोज नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। अभी चांदी की कीमत एक लाख रुपये किलो के आसपास है। हालांकि यह 1,00,400 रुपये प्रति किलो के रिकॉर्ड स्तर को छू चुकी है। जानकारों का कहना है कि इस साल चांदी की कीमतें 1.8 लाख रुपये प्रति किलोग्राम तक जा सकती हैं। ऐसे में चांदी में निवेश करना फायदेमंद हो सकता है। इस साल चांदी के दाम में अब तक करीब 14000 रुपये की बढ़त देखने को मिल चुकी है। जानकारों का कहना है कि इसकी कीमत में आगे भी तेजी देखने को मिल सकती है। साल के आखिर चांदी 1 लाख 8 हजार या 1 लाख 12 हजार किलो तक जा सकती है। ऐसे में अगर आप चांदी में निवेश करने का प्लान बना रहे हैं तो सिल्वर ईटीएफ सही ऑप्शन हो सकता है। सिल्वर ईटीएफ के जरिए आप शेयर की ही तरह चांदी में भी निवेश कर सकते हैं। बीते 1 साल में इसने 34% तक का रिटर्न दिया है।

### क्या है सिल्वर ईटीएफ

चांदी को शेयरों की तरह खरीदने की सुविधा को सिल्वर ईटीएफ कहते हैं। ये एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड हैं, जिन्हें स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीदा और बेचा जा सकता है। चूंकि सिल्वर ईटीएफ का बेंचमार्क स्पॉट सिल्वर की कीमतें हैं, आप इसे चांदी की वास्तविक कीमत के करीब खरीद सकते हैं।

### सिल्वर ईटीएफ में निवेश के लाभ

-कम मात्रा में भी खरीद सकते हैं चांदी : ईटीएफ के जरिए सिल्वर यूनिट्स में खरीदते हैं। इससे कम मात्रा में या एसआईपी (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के जरिए चांदी खरीदना आसान हो जाता है। सिल्वर ईटीएफ की 1 यूनिट की कीमत अभी 100 रुपये से भी कम है। यानी आप 100 रुपये से भी कम में इसमें निवेश की शुरुआत कर सकते हैं।

### चांदी रहती है सुरक्षित

इलेक्ट्रॉनिक चांदी डीमैट अकाउंट में होती है, जिसमें सिर्फ सालाना डीमैट चार्ज देना होता है। साथ ही चोरी होने का डर नहीं होता। वहीं, फिजिकल चांदी में चोरी के खतरे के अलावा उसकी सुरक्षा पर भी खर्च करना होता है।

### व्यापार की आसानी

सिल्वर ईटीएफ को बिना किसी परेशानी के तुरंत खरीदा और बेचा जा सकता है। यानी पैसों की जरूरत पड़ने पर आप जब चाहे इसे बेच सकते हैं और अपने निवेश को भुना सकते हैं।

### पोर्टफोलियो जोखिम में कमी

चांदी और सोना आदि जैसी कम जोखिम वाले एसेट्स में निवेश करके अपने पोर्टफोलियो में विविधता ला सकते हैं। इससे उनके निवेश पोर्टफोलियो में जोखिम कम हो जाता है। चांदी में निवेश करना वैसे भी फायदेमंद माना गया है।

### सिल्वर ईटीएफ में कैसे करें निवेश

सिल्वर ईटीएफ खरीदने के लिए डीमैट अकाउंट होना जरूरी है। इसमें एनएसई या बीएसई पर उपलब्ध सिल्वर ईटीएफ के यूनिट आप खरीद सकते हैं और उसके बराबर की राशि आपके डीमैट अकाउंट से जुड़े बैंक अकाउंट से कट जाएगी। आप ग्रो, अपस्टॉक्स और पेटीएम जैसे ऐप्स के जरिए फ्री में डीमैट अकाउंट खोल सकते हैं। इसके बाद आप अपने मन पसंद का सिल्वर ईटीएफ चुन सकते हैं।

पैसा सिर्फ जमा करने से नहीं बढ़ता, उसे निवेश करना सीखो, सही जगह लगाया गया पैसा और पैसा पैदा करता है



**निवेश मंत्रा**
विनोद कौशिक

# पैसा 'सोने' की तरह नहीं बीज की तरह रखो, सही जगह निवेश करो

हर रुपया तुम्हारा एक सिपाही है जो और सैनिक ला सकता है

अगर पैसे को काम पर नहीं लगाया, तो वह खत्म हो जाएगा

आजकल हर कोई अमीर बनना चाहता है उसके लिए लगातार प्रयास भी करता है, लेकिन दिग्गज निवेशकों का कहना है कि आप सिर्फ मेहनत मजदूरी या सिर्फ नौकरी से ही अमीर नहीं बन सकते। अमीर बनने के लिए पैसे को सही जगह निवेश करना सीखो और रिस्क लो। एक कहावत भी है कि पैसे को 'सोने' की तरह नहीं 'बीज' की तरह रखो, यानी सही जगह निवेश करो। तभी पैसे बढ़ेगा। पैसा कमाने से ज्यादा उसे बढ़ाना जरूरी है। यह बात बिल्कुल सही भी है, क्योंकि पैसा सिर्फ जमा करने से नहीं बढ़ता, उसे निवेश करना सीखना बेहद जरूरी है। निवेश किया गया पैसा आपको भविष्य में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। इसलिए पैसे से पैसा कमाओ, तभी आप अमीर बन पाओगे। हालांकि निवेश करने से पहले अपनी रिस्क क्षमता और अपने लक्ष्यों को जांच लें, इसके बाद ही निवेश करें। इसके अलावा, निवेश करने से पहले अच्छी तरह से शोध करें और अपने वित्तीय सलाहकार से परामर्श करें। हमेशा कोशिश करें कि निवेश लंबी अवधि के लिए हो। इससे आपको नुकसान नहीं होगा और चक्रवृद्धि ब्याज का लाभ मिलेगा। सही जगह लगाया गया पैसा और पैसा पैदा करता है। हर रुपया आपका एक सिपाही है जो और सैनिक लाने की क्षमता रखता है। अगर पैसे को काम पर नहीं लगाया, तो वह खत्म हो जाएगा और आप गरीब के गरीब ही रह जाएंगे।

## पैसा कमाने के ये तरीके सबसे पॉपुलर

### ऑनलाइन

1. **फ्रीलांसिंग:** अपनी क्षमताओं का उपयोग करके फ्रीलांसिंग प्लेटफॉर्म्स पर काम करें।
2. **ब्लॉगिंग:** अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करने के लिए एक ब्लॉग बनाएं।
3. **यूट्यूब:** वीडियो बनाकर यूट्यूब पर पैसे कमाएं।
4. **ऑनलाइन ट्यूशन:** अपने विषय में महारत हासिल करने वाले छात्रों को ऑनलाइन ट्यूशन दें।
5. **ई-कॉमर्स:** अपना ऑनलाइन स्टोर बनाकर उत्पाद बेचें।

### ऑफलाइन

1. **फोटोग्राफी:** अपनी फोटोग्राफी क्षमताओं का उपयोग करके शादियों, समारोहों और अन्य आयोजनों में फोटोग्राफी सेवाएं प्रदान करें।
2. **कोचिंग या ट्यूशन:** अपने विषय में महारत हासिल करने वाले छात्रों को ऑफलाइन ट्यूशन दें।
3. **हस्तशिल्प:** अपने हाथों से बनाए गए उत्पादों को बेचें।
4. **कैटरिंग:** अपनी खाना पकाने की क्षमताओं का उपयोग करके कैटरिंग सेवाएं प्रदान करें।
5. **इवेंट प्लानिंग:** समारोहों और आयोजनों के लिए इवेंट प्लानिंग सेवाएं प्रदान करें।

### अन्य तरीके

1. **शेयर मार्केट :** शेयर मार्केट में निवेश करके पैसे कमाएं।
2. **म्यूचुअल फंड :** म्यूचुअल फंड में निवेश करके पैसे कमाएं।
3. **रियल एस्टेट :** रियल एस्टेट में निवेश करके पैसे कमाएं।
4. **पेट सिटिंग :** पालतू जानवरों की देखभाल करके पैसे कमाएं।
5. **हाउस सिटिंग :** घरों की देखभाल करके पैसे कमाएं।
6. गोल्ड या अन्य धातुओं में निवेश करके भी पैसे कमा सकते हैं।

## पैसे बढ़ाने के तरीके भी बेहद कामयाब

### बचत और निवेश

1. **नियमित बचत :** हर महीने एक निश्चित राशि बचाएं।
2. **निवेश :** अपनी बचत को निवेश करें, जैसे कि शेयर मार्केट, म्यूचुअल फंड, या रियल एस्टेट।
3. **ब्याज दर :** उच्च ब्याज दर वाले खातों में अपनी बचत रखें।

### आय बढ़ाना

1. **नौकरी में वृद्धि :** अपनी नौकरी में वृद्धि के लिए काम करें।
2. **फ्रीलांसिंग :** अपनी क्षमताओं का उपयोग करके फ्रीलांसिंग करें।
3. **व्यवसाय शुरू करना :** अपना खुद का व्यवसाय शुरू करें।

### खर्च कम करना

1. **बजट बनाएं :** अपने खर्च के लिए एक बजट बनाएं।
2. **अनावश्यक खर्च कम करें :** अनावश्यक खर्चों को कम करें।
3. **बचत योजना बनाएं :** एक बचत योजना बनाएं और उसका पालन करें।

### शिक्षा और कौशल

1. **शिक्षा :** अपनी शिक्षा में सुधार करें।
2. **कौशल विकास :** अपने कौशल में सुधार करें।
3. **प्रमाणीकरण :** अपने कौशल के लिए प्रमाणीकरण प्राप्त करें।

### अन्य तरीके

1. **पैसे कमाने वाले ऐप्स :** पैसे कमाने वाले ऐप्स का उपयोग करें।
2. **ऑनलाइन सर्वेक्षण :** ऑनलाइन सर्वेक्षण में भाग लेकर पैसे कमाएं।
3. **पैसे कमाने वाली वेबसाइट्स :** पैसे कमाने वाली वेबसाइट्स पर काम करें।



### पल्ले गांठ बांध लें ये सूत्र

हर रुपया हमारा एक सिपाही है जो और सैनिक ला सकता है, यानी कि हमारे पैसे को निवेश करके हम और पैसा कमा सकते हैं। यह अवधारणा हमें अपने पैसे को सही तरीके से उपयोग करने और उसे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। जब हम अपने पैसे को निवेश करते हैं, तो वह हमारे लिए काम करता है और हमें और पैसा कमाने में मदद करता है। इसलिए, हमें अपने पैसे को सही तरीके से उपयोग करना चाहिए और उसे बढ़ाने के लिए निवेश करते रहना चाहिए।

### भविष्य होता है सुरक्षित

जब हम अपने पैसे को सही जगह पर निवेश करते हैं, तो वह हमें और पैसा कमाने में मदद करता है। यह हमारे वित्तीय भविष्य को सुरक्षित बनाने में मदद करता है और हमें अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। सही जगह पर निवेश करने के लिए, हमें अपने वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता को समझना होगा। हमें अपने पैसे को निवेश करने से पहले अच्छी तरह से शोध करना होगा और अपने वित्तीय सलाहकार से परामर्श करना होगा। इसलिए, हमें अपने पैसे को सही तरीके से उपयोग करना चाहिए और उसे बढ़ाने के लिए निवेश करना चाहिए।

### निवेश में एआई भी करेगा मदद!

1. **बड़े डेटा का विश्लेषण :** एआई अल्गोरिदम बड़े डेटा सेट्स का विश्लेषण कर सकते हैं, जैसे कि बाजार के रुझान, आर्थिक आंकड़े, और कंपनी के प्रदर्शन।
2. **पैटर्न की पहचान :** एआई पैटर्न की पहचान कर सकता है जो मानव विश्लेषकों को दिखाई नहीं दे सकते हैं।
3. **पूर्वानुमान :** एआई डेटा के आधार पर भविष्यवाणी कर सकता है कि बाजार कैसे व्यवहार करेगा।

### पोर्टफोलियो प्रबंधन

1. **पोर्टफोलियो का निर्माण :** एआई पोर्टफोलियो का निर्माण कर सकता है जो निवेशक के लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता के अनुसार हो।
2. **पोर्टफोलियो का पुनर्संतुलन :** एआई पोर्टफोलियो को पुनर्संतुलित कर सकता है ताकि यह निवेशक के लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता के अनुसार बना रहे।

### रोबो-एडवाइजरी

1. **निवेश सलाह :** एआई रोबो-एडवाइजरी प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से निवेश सलाह प्रदान कर सकता है।
2. **व्यक्तिगत निवेश योजना :** एआई व्यक्तिगत निवेश योजना बना सकता है जो निवेशक के लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता के अनुसार हो।

### जोखिम प्रबंधन

1. **जोखिम विश्लेषण :** एआई जोखिम विश्लेषण कर सकता है और निवेशक को जोखिम के बारे में सूचित कर सकता है।
2. **जोखिम प्रबंधन रणनीतियां :** एआई जोखिम प्रबंधन रणनीतियाँ बना सकता है जो निवेशक के लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता के अनुसार हो।

### ये मिल सकते हैं फायदे

- **बेहतर निर्णय लेना :** एआई डेटा के आधार पर बेहतर निर्णय ले सकता है।
- **जोखिम कम करना :** एआई जोखिम विश्लेषण कर सकता है और निवेशक को जोखिम के बारे में सूचित कर सकता है।
- **निवेश की दक्षता बढ़ाना :** एआई निवेश की दक्षता बढ़ा सकता है और निवेशक के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है।

# नवरात्रि पर जमकर बरसेगा धन, शुरू कर लें ये बिजनेस

## कम बजट में शुरू कर सकते हैं ये कुछ काम, देंगे मुनाफा

**आइडिया** | **बिजनेस डेस्क**

*"यदि आप भी सीजनल बिजनेस करके खूब मुनाफा कमाना चाहते हैं तो नवरात्रि से पहले ऐसा ही एक मुनाफेदार बिजनेस शुरू किया जा सकता है। 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होने वाली है. इस दौरान माता पूजा और श्रृंगार किट की काफी डिमांड बढ़ जाती है. ऐसे में आप भी इस बिजनेस की शुरुआत करके नवरात्रि के कुछ ही दिनों में जबरदस्त मुनाफा कमा सकते हैं।"*

अगर नवरात्रि में आप भी कमाने के लिए कुछ नया करना चाहते हैं तो यह बिजनेस आईडिया आपके लिए बेहतर हो सकता है। इस बार नव रात्रि 30 मार्च से शुरू हो रहे हैं और ये 6 अप्रैल तक चलेंगे। नवरात्रि में माता पूजन की सामग्री के साथ चुनरी, पूजा और श्रृंगार की किट की भी काफी डिमांड होती है। नवरात्रि में पूजा सामग्रियों का मार्केट करोड़ों रुपये का होता है। फल, ड्राईफ्रूट, कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा, सामक के चावल, पपड़ी और आलू चिप्स की इन दिनों में भारी डिमांड होती है। ऐसे में आप भी इस मौके का फायदा उठा सकते हैं। थोड़ा सा निवेश कर आप भी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। इसके लिए आपको पहले से ही तैयारी शुरू करनी होगी। इसके लिए दुकान चला सकते हैं या स्टॉल लगा सकते हैं। यह छोटा बिजनेस नवरात्रि में आप पर धनवर्षा कर सकता है। इसे सीजनल बिजनेस कहा जाता है तो कम समय में अच्छा मुनाफा आपको दे सकता है।

### आसानी से तैयार हो जाएगी किट

पूजा सामग्री और श्रृंगार की किट को आप चाहे तो आसानी से घर पर ही तैयार कर सकते हैं या फिर किसी होलसेलर से खरीद सकते हैं। यदि आप यह किट घर पर बनाना चाहते हैं तो आपको थोक में माता की चूड़ियां, सिंदूर, कुमकुम,अगरबत्ती श्रृंगार का सामान, चुनरी और पूजा का सामान खरीदना होगा. या सीधे निर्माताओं से सम्पर्क कर सकते हैं। इसके बाद इन सभी चीजों को पैक करके एक अच्छी सी किट तैयार करें।




## इन बातों का रखें ध्यान

### ग्राहकों और प्रतियोगिताओं को पहचानें

इस बिजनेस को शुरू करने से पहले आपको अपने लक्षित ग्राहकों की पहचान कर लेनी चाहिए। जैसे आप यह किट मंदिरों में घरों या फिर सभी जगह बेचना चाहते हैं। इसके अलावा आपको अपने इलाके के पहले से मौजूद विक्रेताओं के बारे में भी जानकारी हासिल कर लेनी चाहिए। यदि आप किसी सोसाइटी या अपार्टमेंट में रहते हैं तो आप अपने आसपास के लोगों को टारगेट करके छोटे स्तर पर भी या बिजनेस शुरू कर सकते हैं, जिसे यदि आप अपने आसपास के लोगों को यह सामान घर पर मुहैया करवाते हैं तो कम समय में आपको जबरदस्त मुनाफा हो सकता है।

### सारे सामान की पहचान

आपको इस बात पर खास ध्यान देना होगा कि आपकी पूजा और श्रृंगार की किट में कोई भी सामान छूटे नहीं। जैसे रोली, सिन्दूर, चुनरी, रुई, दीपक, कुमकुम, अक्षत, मोली आदि। यदि आप थोड़े बड़े स्तर पर इस बिजनेस को शुरू करना चाहते हैं तो अन्य कई प्रकार की पूजा किटें बना सकते हैं। जैसे कि नवरात्रि पूजा किट, सत्यनारायण पूजा किट, गृह प्रवेश पूजा किट, करवा चौथ पूजा किट, दिवाली पूजा किट आदि। इस बिजनेस को कोई भी व्यक्ति घर बैठे भी शुरू कर सकते हैं इसके लिए आपको बस सामग्रियों को जुटाना है और उसकी अच्छी पैकिंग करनी है।

### आकर्षक पैकिंग

यदि आप चाहते हैं कि आपके प्रोडक्ट को ज्यादा से ज्यादा लोग पसंद करे तो आकर्षक और टिकाऊ पैकेजिंग का उपयोग करें। इससे यह बेहतर दिखेगी। कहा भी जाता है कि जो दिखता है वही तो बिकता।

### कहां बेचें

आप ऑनलाइन या ऑफलाइन अपने बिजनेस को शुरू कर सकते हैं। पूजा सामग्री के लिए विश्वसनीय थोक विक्रेताओं की तलाश करें। इसके अलावा आप खुद की पूजा सामग्री बनाना चाहते हैं, तो निर्माताओं से संपर्क करें। यदि आप छोटे स्तर पर या बिजनेस शुरू कर रहे हैं तो अपना एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर भी इसे शुरू कर सकते हैं। इसके बाद अपने इस व्हाट्सएप ग्रुप की लिंक अन्य व्हाट्सएप ग्रुप में या सोशल मीडिया के अन्य माध्यमों से प्रचार करें।

### इन बातों का रखें विशेष ध्यान

- इस बिजनेस को शुरू करने से पहले आपको सभी प्रकार के आवश्यक लाइसेंस और परमिट प्राप्त कर लेने चाहिए।
- इसके अलावा आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आपका उत्पाद गुणवत्ता मानकों को पूरे कर रहे हैं।
- यदि आप अपने ग्राहकों की आवश्यकता के अनुसार कस्टमाइज किट उपलब्ध कराते हैं तो आपकी सेल और बढ़ सकती है।




## स्मॉल कैप फंड : 20% से ज्यादा निवेश रिस्की, सोच समझकर ही उठाएं कदम

बिजनेस डेस्क

बाजार में इन दिनों उठा-पटक जारी है। लगभग सभी फंडों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। सबसे ज्यादा गिरावट स्मॉल कैप और मिड कैप फंडों में हुई है। इससे निवेशकों को झटका लगा है और वे निवेश के अन्य विकल्प देखने लगे हैं। ऐसे में बाजार के जानकारों का कहना है कि स्मॉल कैप फंड काफी रिस्की हो चुके हैं। ऐसे में इनमें निवेश लंबी अवधी के लिए तो ठीक है, लेकिन नए निवेशकों को अभी इन फंडों में निवेश से बचना चाहिए। देखा जाए तो पिछले तीन महीनों में स्मॉल कैप फंड में 21% गिरावट आई है। कई निवेशक, जो 2023 और 2024 के बुल रन के दौरान इस सेगमेंट को लेकर बहुत उत्साहित थे, आज काफी परेशान हैं। उन्हें इस दौर से बाहर निकलने के लिए एसेट एलोकेशन और लॉन्ग टर्म इन्वेस्टिंग के मंत्र अपनाने होंगे। तभी वे अपने निवेश को बढ़ा पाएंगे और अच्छा मुनाफा हासिल कर पाएंगे। लॉन्ग टर्म आउटलुक सकारात्मक अप्रैल-सितंबर छमाही से छोटी कंपनियों की आय बढ़ने की उम्मीद है। ब्याज दरें घटने से भी इन्हें मदद मिलेगी। इसके चलते लंबी अवधि में स्मॉलकैप सेक्टर में रिकवरी हो सकती है।

### एक सेगमेंट में ज्यादा निवेश जोखिम भरा

स्मॉलकैप शेयर जैसे हाई बीटा फंड तेजी के दौरान आम रुझान से ज्यादा तेज बढ़ते हैं, लेकिन मंदी के दौरान ये ज्यादा गिरते भी हैं। अभी किसी भी एक सेगमेंट में ज्यादा निवेश से बचें। सिर्फ एक सेगमेंट में निवेश जोखिमभरा हो सकता है।

### स्मॉलकैप के मौजूदा निवेशक ये करें

लंबी अवधि के लिए भी स्मॉलकैप में निवेश इक्विटी पोर्टफोलियो के 20% तक ही सीमित रखें। इससे ज्यादा निवेश हो तो कम कर लें। ऐसे शेयरों से पूरी तरह बाहर निकलने में समझदारी नहीं है।

### नए निवेशक अभी स्मॉलकैप से बचें

पहली बार इक्विटी में निवेश करने वाले लोगों को स्मॉलकैप फंड से बचना चाहिए। इसकी जगह उन्हें लार्जकैप, फ्लेक्सी-कैप या इंडेक्स फंड (लार्जकैप इंडेक्स पर आधारित) में निवेश करना चाहिए। एक बार जब वे बाजार की अस्थिरता अच्छी तरह समझ लें तो स्मॉलकैप फंड पर विचार कर सकते हैं। कम से कम सात साल के नजरिये के साथ इन फंड्स में निवेश करना चाहिए।

### स्मॉल-कैप फंड क्या हैं

स्मॉल-कैप म्यूचुअल वैसे फंड होते हैं, जो छोटी कंपनियों में निवेश करते हैं। यानी ऐसी कंपनियां जिनके शेयरों की वैल्यू काफी कम है। इन्हें हम स्मॉलकैप कंपनियां कहते हैं। हालांकि, शेयर बाजार में लिस्टेड ऐसी कंपनियों के कारोबार में बेहतर ग्रोथ की संभावनाओं का आकलन करने के बाद ही इनकी पहचान की जाती है। मार्केट कैप के लिहाज से शेयर बाजार की शीर्ष 250 कंपनियों को छोड़कर बाकी में स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड निवेश करते हैं। स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड अपने निवेश की रकम का 65% तक छोटी कंपनियों में लगाते हैं। इसके बाद बची 35% रकम को फंड मैनेजर मिड या लार्ज कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं।

# देश में चल रही कई सरकारी पेंशन स्कीम, कौन सी हो सकती है बेहतर

**जानकारी** | **बिजनेस डेस्क**

बुढ़ापे में आर्थिक स्थिरता और स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए वक्त पर रिटायरमेंट की प्लानिंग बहुत जरूरी है। इसके लिए सरकार कई सेविंग स्कीम चला रही है जो रिटायरमेंट के बाद फाइनेंशियल सिक्योरिटी और मानसिक शांति देती हैं। ये योजनाएं रेगुलर रिटर्न, टैक्स बेनिफिट और फाइनेंशियल सिक्योरिटी देती हैं, जो विभिन्न इनकम लेवल और रिस्क प्रिफरेंसेज को पूरा करती हैं. इन योजनाओं के जरिए रिटायरमेंट लोग अपनी जीवनशैली और स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरतों के लिए एक संतुलित वित्तीय योजना बना सकते हैं। आइए, इस रिपोर्ट में जानते हैं उन प्रमुख सरकारी स्कीम के बार में जो बुढ़ापे में रेगुलर इनकम बनाने में मददगार साबित हो सकती हैं। ईपीएफ की ईपीएफ स्कीम नौकरी पेशा लोगों यानी सैलरीड एप्लाई के लिए एक रिटायरमेंट सेविंग स्कीम है। इसमें नौकरी के दौरान एंप्लाई को अपनी बेसिक सैलरी का 12% हिस्सा कॉन्ट्रीव्यूट करना होता हैं। इतनी ही रकम एंप्लायर की ओर से भी जमा की जाती है। फिलहाल ईपीएफ अकाउंट में जमा पर ब्याज दर 8.25% है। यह फंड एंप्लाई के 58 साल की उम्र पूरी कर लेने में पर मैच्योर होता है, जो उसे ईपीएफ में जमा रकम पर हर साल मिले ब्याज और लमसम अमाउंट के रूप में मिलता है। इमरजेंसी जैसी स्थिति में एंप्लाई ईपीएफ खाते से कुल जमा का कुछ हिस्सा निकाल भी सकता है। ईपीएफ खाते में जमा रकम इनकम टैक्स की धारा 80 सी के तहत टैक्स डिडक्शन के लिए योग्य है।

### नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस)

बुढ़ापे को वित्तीय रूप से सुरक्षित और चिंतामुक्त बनाए रखने लें पेंशन स्कीम
ये 60 साल की उम्र पूरी होने पर रेगुलर इनकम बनाए रखने में मददगार

नेशनल पेंशन सिस्टम एक मार्केट लिंक रिटायरमेंट प्लान है जो लोगों को इक्विटी, सरकारी बॉन्ड और कॉर्पोरेट डेट में विविध निवेश के माध्यम से एक फंड बनाने की अनुमति देती है. बाजार के प्रदर्शन के आधार पर रिटर्न अलग-अलग होता है। सब्सक्राइबर धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये तक और धारा 80सीसीडी (1बी) के तहत एक्स्ट्रा 50,000 रुपये तक का टैक्स लाभ हासिल कर सकते हैं।

### प्रधानमंत्री वय वंदना योजना

प्रधानमंत्री वय वंदना योजना यानी पीएमवीवीवाई 60 साल या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनाई गई एक पेंशन स्कीम है। यह 10 सालों के लिए 7.4% की गारंटीड रिटर्न प्रदान करती है, जो बाजार में उतार-चढ़ाव के खिलाफ फाइनेंशिल सिक्योरिटी प्रदान करती है। अधिकतम निवेश की अनुमति प्रति व्यक्ति 15 लाख रुपये है। यह योजना निवेश राशि के आधार पर एक निश्चित मासिक, त्रैमासिक या वार्षिक पेंशन प्रदान करती है। मैच्योरिटी पर, मूलधन निवेशक को वापस कर दिया जाता है। पॉलिसी अवधि के दौरान निवेशक की मृत्यु होने की स्थिति में, परचेज प्राइस का भुगतान नॉमिनी को किया जाता है। इस योजना के ज़रिए, वरिष्ठ नागरिकों को आय का एक वैकल्पिक जरिया मिलता है। यह योजना जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा मैनेज की जाती है।

### सीनियर सिटिजन सेविंग स्कीम

सीनियर सिटिजन सेविंग स्कीम (एससीएसएस) 60 साल या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए सबसे अधिक ब्याज देने वाली योजनाओं में से एक है। फिलहाल ब्याज दर 8.2% है, जो इसे जोखिम न लेने वाले निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाती है। इसमें अधिकतम निवेश सीमा 30 लाख रुपये है, जिसकी अवधि 5 वर्ष है, जिसे अतिरिक्त 3 सालों तक बढ़ाया जा सकता है। ब्याज का भुगतान तिमाही आधार पर किया जाता है, जिससे रेगुलर इनकम सुनिश्चित होती है। एससीएसएस में निवेश धारा 80सी के तहत टैक्स डिडक्शन के लिए योग्य है. हालांकि, इसमें मिला ब्याज टैक्स के दायरे में आता है।

### पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (पीपीएफ)

पोस्ट ऑफिस की पीपीएफ स्कीम एक लंबी अवधि वाली सेविंग स्कीम है। इस सरकारी स्कीम में निवेशकों को 7.1% ब्याज दर मिल रही है। इसमें 15 साल की लॉक-इन पीरियड है, जिसे 5-5 साल के लिए एक्सटेंज किया जा सकता है। मिनिमम एन्युअल निवेश 500 रुपये है, जबकि अधिकतम 1.5 लाख रुपये है। पीपीएफ को ईईई क्लास (एगजेंम्ट-एगजेंम्ट-एगजेंम्ट) का दर्जा प्राप्त है, जिसका अर्थ है कि निवेश रकम, मिले ब्याज और मैच्योरिची रकम, तीनों पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ता है। पांच साल के बाद आंशिक निकासी और डेट की अनुमति है। पीपीएफ कम जोखिम वाले, टैक्स-एफिशिएंट ग्रोथ की तलाश करने वाले लोगों के लिए उपयुक्त है। इसकी लंबी अवधि और टैक्स बेनिफिट इसे रिटायरमेंट प्लान और फंड जुटाने के लिए एक विश्वसनीय निवेश विकल्प बनाते हैं।

### अटल पेंशन योजना (एपीवाई)

अटल पेंशन योजना (एपीवाई) का उद्देश्य अनऑर्गेनाइज्ड सेस्टर के श्रमिकों और निम्न आय वर्ग के लोगों को रिटायरमेंट के बाद गारंटीड पेंशन प्रदान करना है। ग्राहक 1,000 रुपये से लेकर 5,000 रुपये तक मंथली 1,000 से 5,000 रुपये तक के निश्चित पेंशन विकल्पों में से चुन सकते हैं। कॉन्ट्रीव्यूशन की राशि उम्र और इच्छित पेंशन राशि पर निर्भर करती है। सरकार 40 वर्ष की आयु से पहले जुड़ने वालों के लिए पांच साल के लिए ग्राहक के योगदान का 50% (1,000 रुपये तक) योगदान देती है। योगदान प्रवेश की आयु और वांछित पेंशन राशि पर निर्भर करता है।

### पीएम श्रम योगी मानधन योजना

पीएम श्रम योगी मानधन योजना केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों और कमजोर आय वर्ग को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। यह योजना उन श्रमिकों को लाभ प्रदान करती है जो असंगठित क्षेत्रों में काम करते हैं और उनकी मासिक आय 15,000 रुपये से कम होती है। 18 से 40 साल की उम्र वाले लोग इस योजना को सब्सक्राइब कर सकते हैं। इस योजना के तहत मजदूर, घरेलू कामगार, रेहड़ी-पटरी, रिक्शा-ठेला खींचने वाले और सिर-पीठ पर बोझा ढोने वाले जैसे असंगठित क्षेत्र के कामगारों को बुढ़ापे में पेंशन देने का प्रावधान है। ध्यान रहे योजना का लाभ तभी मिलेगा जब परिवार का कोई व्यक्ति सरकारी कर्मचारी नहीं होगा। पात्र व्यक्ति ईपीएफओ, एनपीएस और ईएसआईसी के अंतर्गत कवर है तो उसे योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### कार चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने भट्टू रोड से एक कार चोरी होने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान अमरजीत सिंह पुत्र पूर्ण सिंह निवासी हुडा सैक्टर 19, सिरसा हाल सैनी मोहल्ला टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई औमप्रकाश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 11 फरवरी को भट्टू रोड, शिव नगर फतेहाबाद निवासी राकेश कुमार सिंगला की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने अपनी गाड़ी को भट्टू रोड पर वेयर हाउस गोदाम के बाहर खड़ा किया था। वहां से अज्ञात चोर उसकी गाड़ी को चोरी कर ले गया है।

### बाइक चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने बस स्टैण्ड परिसर से एक मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान गोबिंद पुत्र सुखपाल निवासी वार्ड नं. 4 रतिया के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई औमप्रकाश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 28 मई 2022 को गांव दौलतपुर निवासी सुनील कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने अपने मोटरसाइकिल को फतेहाबाद के बस अड्डा परिसर में खड़ा किया और दिल्ली चला गया। पीछे से अज्ञात चोर उसका मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया।

### ऑनलाइन होटल बुकिंग के नाम पर ठगी

**सिरसा।** ओढां थाना पुलिस ने गांव बनवाला निवासी एक युवती की शिकायत पर अनजान मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में युवती ने बताया कि 25 मार्च को वह होटल बुकिंग के लिए इंटरनेट पर सर्च कर रही थी। इसी दौरान उसे एक मोबाइल नंबर प्राप्त हुआ। उसने मोबाइल पर संपर्क किया तो अनजान मोबाइल धारक ने होटल का फोटो और पेमेंट के लिए क्यूआर कोड भेजा। बताया कि पेमेंट करने पर वह होटल बुकिंग का इनवाइस भेज देगा। उसने भरोसा करके 23236 रुपए का भुगतान कर दिया लेकिन उसे होटल का इनवाइस नहीं मिला। उसने कॉल की तो उसने पैसे देने से भी इंकार कर दिया।

### नवसंवत पर श्री सनातन धर्म मंदिर में हवन आज

**सिरसा।** श्री सनातन धर्म मंदिर में 30 मार्च को सुबह नवसंवत के अवसर पर देश की सुख समृद्धि के लिए हवन यज्ञ किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर सभा की एक आवश्यक बैठक हुई, जिसमें कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाई गई। सभा के प्रधान आरपी शर्मा ने बताया कि नव संवत पर श्री सनातन धर्म सभा मंदिर में हवन यज्ञ किया जाएगा। कार्यकारी प्रधान नवीन केडिया ने बताया कि हवन यज्ञ करवाकर देशवासियों के सुख समृद्धि के लिए भगवान से प्रार्थना की जाएगी। इस अवसर पर सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय के प्रधान सुरेंद्र बांसल ने बताया कि इस हवन यज्ञ का उद्देश्य है कि आने वाला साल देशवासियों के लिए सुखद व खुशियों भरा रहे। इस अवसर पर सभा के सचिव सुरेश वत्स ने आमजन को नवसंवत की बधाई दी और हवन यज्ञ कार्यक्रम में उपस्थित होने का निमंत्रण दिया।

---

### हजारों करोड़ की ठगी के मामले में 37 लोगों पर हुआ था केस दर्ज

# फ्यूचर मेकर कंपनी के राधेश्याम ने कहा सबको उनके पैसे मिलेंगे वापस, धैर्य रखें

**सारा पैसा ईडी में सीज, रिलीज होते ही मिलेगा वापस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। पत्रकारों से बातचीत करते राधेश्याम। फोटो : हरिभूमि

फ्यूचर मेकर कम्पनी बनाकर लोगों के हजारों करोड़ की ठगी करने का आरोपी राधेश्याम आज धोखाधड़ी के एक मामले में पेशी के लिए फतेहाबाद कोर्ट पहुंचा। पंचकूला से यहां देर शाम को गाडियों के काफिले के साथ आए राधेश्याम ने कहा कि फ्यूचर मेकर कम्पनी में पैसा लगाने वाले लोग धैर्य रखे।

सारा पैसा ईडी में सीज है। रिलीज होते ही सारा पैसा लोगों को वापस किया जाएगा। उन्होंने अच्छे वकील कर रखे हैं। फैसला आने के बाद सबको उनका पैसा वापस जरूर मिलेगा। राधेश्याम पेशी के बाद वापस पंचकूला जा रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि वह न बाबा बनेंगे, न गौशाला खोलेंगे। केवल स्वयं भक्ति में ही लीन रहेंगे। बता दें कि फतेहाबाद की अदालत में राधेश्याम सहित 37 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस चल रहा है। वर्ष 2022 में यह केस दर्ज किया गया था। शनिवार को इसी मामले में राधेश्याम जज हेमंत यादव की कोर्ट में पेश होने आए थे।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में 2018 में बनी उनकी कम्पनी फ्यूचर मेकर में पैसा लगाने वालों को न्याय के सवाल पर राधेश्याम ने कहा कि सबको न्याय जरूर मिलेगा। डबवाली में आश्रम के सवाल पर उन्होंने कहा कि डबवाली में सैंकड़ों अनुयायी मिलकर आश्रम बना रहे हैं। लोगों ने 100-100 रुपये इकट्ठा करके जमीन ली थी, जिसे उन्होंने दान कर दिया है। हरिद्वार में परमधाम के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनका हरिद्वार में कोई आश्रम तो क्या एक कमरा भी नहीं है। डबवाली में भी पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के अनुयायी इकट्ठा होकर आश्रम बना रहे थे। अब वह न तो बाबा बनेंगे और न ही कोई गौशाला खोलेंगे। केवल भक्ति करेंगे। उन्होंने आश्रम की जगह गौशाला को दान कर दी है।

राधेश्याम अपने आप को अब राधेश्याम उर्फ परमगुरू के नाम से प्रचारित कर रहा है। पंजाब बार्डर पर डबवाली में 3 एकड़ में उसने मेडिटेशन सैंटर व गौशाला खोलने का प्लान बनाया। इसी 20 मार्च को इसका स्थापना दिवस समारोह रखा गया, जिसमें प्रसिद्ध गायकों को भी बुलाया गया। लोगों ने विरोध को देखते हुए राधेश्याम ने यह जमीन गौशाला को दान कर दी। उनका मकसद था कि गौशाला खुलनी चाहिए, चाहे इसे जो खोले। उन्होंने यह जमीन संत समिति को दान कर दी जोकि इस गोशाला का संचालन करेगी।

---



रतिया। सीनियर सिटीजन को सम्मानित करते एसोसिएशन पदाधिकारी।

## सीनियर सिटीजन वेलफेयर ट्रस्ट की बैठक का समापन

**प्रधान एडवोकेट बिकर सिंह ने बताया कि कार्यकारणी के 30 अप्रैल तक नई कार्यकारिणी का चयन कर दिया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ट्रस्ट की मासिक मीटिंग प्रधान बिकर सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान एडवोकेट बिकर सिंह ने बताया कि कार्यकारणी के कार्यकाल के दो वर्ष पूरे हो जाने पर 30 अप्रैल तक नई कार्यकारिणी का चयन कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही ट्रस्ट के प्लाट की चारदीवारी का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। मीटिंग कार्यवाही के बाद बलिंद्र शर्मा, इकबाल सिंह खोखर, कैप्टन जगजीत सिंह, डॉ. सोम चंद गोयल, सुखदेव सिंह सिद्धू, भूषण गर्ग, ईश्वर अरोड़ा एवं सत्यप्रकाश जैन का जन्मदिन केक काट कर मनाया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। इस अवसर पर तेजिन्द्र सिंह औजला, डॉ. नरेश गोयल, सतपाल सिंह डीएसपी, गुरनाम सिंह तेलीवाड़ा, चित्रकार कृष्ण सिंह, हमीर सिंह घासवा, पवन कुमार, मा. राज कुमार खिप्पल, लेफ्टिनेंट हरभजन सिंह, धर्मपाल कानूनगो आदि सदस्य मौजूद थे।

---

## वसूली करने गए जेई के साथ मारपीट

- अन्य कर्मचारियों ने पहुंचकर बीच-बचाव किया
- जेई जसविंदर सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला के गांव अबूबशहर में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम का एक जूनियर इंजीनियर बिल वसूली के दौरान कंज्यूमर के हमले का शिकार हो गया। जेई जसविंदर सिंह अपनी टीम के साथ बकाया बिल वसूलने गए थे। कंज्यूमर नरेंद्र कुमार पर उसके दादा भजन सिंह के नाम से लगे मीटर का 5 हजार 400 रुपए मोटर का और 8 हजार 721 रुपए घर का बिल बकाया था। बिल की मांग पर नरेंद्र ने बहस शुरू कर दी। उसने कहा कि मीटर उखाड़ लो, वह एक महीने कुंडी लगा लेगा। विभाग के कर्मचारियों ने मीटर उखाड़ लिया। इसके बाद नरेंद्र ने 5 हजार रुपए जमा करा दिए। जेई ने मीटर दोबारा लगाने के लिए कर्मचारियों को भेज दिया। इसी दौरान नरेंद्र ने जेई को अकेला पाकर उनके साथ मारपीट की और कपड़े फाड़ दिए। अन्य कर्मचारियों ने पहुंचकर बीच-बचाव किया। जेई को आंतरिक चोटें आई। साथी कर्मचारी उन्हें अस्पताल ले गए। जांच अधिकारी विजय कुमार ने जेई जसविंदर सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी कंज्यूमर के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है।

---

## सतलुज स्कूल में वातानुकूलित प्ले जंक्शन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां



भट्टूकलां। सतलुज स्कूल में वातानुकूलित प्ले जंक्शन का उद्घाटन करते जिप चेयरमैन प्रतिनिधि।

सतलुज स्कूल के प्रांगण में प्ले जंक्शन का उद्घाटन किया गया। जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सुभाष खीचड़ ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि आज के युग में प्रत्येक बच्चे का चहुंमुखी विकास होना जरूरी है, फिर वह चाहे खेल के माध्यम से हो या पढ़ाई के माध्यम से। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अभिभावक यह इच्छा रखता है कि उसका बच्चा किसी अच्छे स्कूल और अच्छे वातावरण में रहे तो सतलुज पब्लिक स्कूल उनके लिए अच्छा शिक्षण संस्थान है। स्कूल की प्राचार्य बबीता आनंद ने बताया कि आज के युग में बच्चे मोबाइल के माध्यम से गेम को खेलते हैं जो कि बच्चों के लिए हानिकारक होता है। सतलुज स्कूल का मुख्य उद्देश्य प्ले जंक्शन के माध्यम से बच्चों का पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन करवाना है, जिससे बच्चा मोबाइल फोन से दूर हो सके और शरीर को तंदुरुस्त बनाने वाले गेम खेल सके। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर रमन कुमार राणा ने बताया कि सतलुज स्कूल फतेहाबाद व भट्टू क्षेत्र में एक ऐसा स्कूल है जिसमें यह प्ले जंक्शन आरम्भ किया गया है। इसमें बच्चे अपने मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास कर सकते है।

---



सिरसा। संवतोत्सव को लेकर सजा डेरा बाबा सरसाइनाथ मंदिर।

## संवतोत्सव को लेकर सजा डेरा बाबा सरसाईनाथ मंदिर

- श्रद्धालु बाबा सरसाईनाथ जी की समाधि पर शीश नवाने पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

डेरा बाबा सरसाईनाथ में आयोजित होने वाले सदियो पुराने नव संवतोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हिंदू नव वर्ष आगामी 30 मार्च को है। डेरा के महंत बाबा सुंदराईनाथ ने बताया कि नव संवत के अवसर पर आयोजित होने वाले संवतोत्सव को लेकर डेरा बाबा सरसाईनाथ मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रातः से ही श्रद्धालु बाबा सरसाईनाथ जी की समाधि पर शीश नवाने पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि मुगलकालीन इस डेरे की बहुत महत्ता है और सिरसा नगर का नामकरण भी बाबा सरसाईनाथ के नाम पर ही पड़ा है। नव संवतोत्सव पर हर वर्ष हजारों श्रद्धालु यहां आते हैं। बाबा की समाधि पर शीश नवाते हैं और भगवा रंग की चादर अर्पित करते हैं। डेरा के महंत बाबा सुंदराईनाथ जी का आशीर्वाद लेते हैं।

उन्होंने बताया कि नव संवतोत्सव के अवसर पर डेरा परिसर को फूलों, विद्युत चलित लडिय़ों से सजाया गया है। महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए आने जाने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम में व्यवस्था बनाए रखने के लिए सेवादारों की ड्यूटी लगाई गई है। डेरा परिसर में शहनाई वादन, कलाकारों के द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की जाएगी। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। उन्होंने आमजन का भी आह्वान किया कि वे अपने-अपने घरों पर हिंदु नववर्ष के मौके पर दीप जलाएं और घरों में पकवान बनाकर भगवान को भोग लगाने के बाद वितरित करें।

---

## जयदेव सहदेव चैरिटेबल ट्रस्ट ने दिया 1.50 लाख का आर्थिक सहयोग

- श्री हनुमंत फाउंडेशन अस्पताल में दांतों के एक्स-रे की अति आधुनिक मशीन की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। जयदेव सहदेव चैरिटेबल ट्रस्ट अस्पताल को एक्स-रे मशीन भेंट करते हुए।

श्री हनुमंत फाउंडेशन अस्पताल के दंत चिकित्सा विभाग में शनिवार को दांतों के एक्स-रे की अति आधुनिक मशीन की स्थापना की गई। मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल ने बताया कि फाउंडेशन के अनुरोध पर जयदेव सहदेव चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा फाउंडेशन को 1.51 लाख रुपये का आर्थिक सहयोग दिया गया। पंडित नीरज भारद्वाज द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ जयदेव सहदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के ललित जैन ने हनुमान की प्रतिमा के समक्ष ज्योत प्रज्वलित कर एक्स-रे मशीन का शुभारंभ किया। अस्पताल पहुंचने पर फाउंडेशन के सह संस्थापक डॉ. प्रवीण अरोड़ा, वित्तीय परामर्शदाता रमेश गोयल, संरक्षक एमपी गर्ग, कार्यकारिणी सदस्य बाबू राम मित्तल, संगठन सचिव सुरेंद्र शर्मा, डॉ. राजकुमार गुप्ता, पवन बंसल व अन्य ने माल्यार्पण कर ललित जैन का स्वागत किया। डॉ. प्रवीण अरोड़ा व सुमन मित्तल ने उन्हें फाउंडेशन द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न चिकित्सीय सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। ललित जैन ने अस्पताल द्वारा संचालित दंत चिकित्सा विभाग, रक्त जांच विभाग, दवा व अन्य विभागों का अवलोकन किया और फाउंडेशन द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने फाउंडेशन को यथा सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्यातिथि ललित जैन को फाउंडेशन की ओर से स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

### पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**सिरसा।** पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित 6 दिवसीय बैंक सखी प्रशिक्षण शिविर शनिवार को सम्पन्न हो गया। शिविर में सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के समापन पर बतौर मुख्यातिथि डीपीएम दयानंद ने शिरकत की। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट दिए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्यातिथि ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में सीखे गए रोजगारपरक क्रियाकलापों से प्रशिक्षणार्थी कुछ भी सीखते हैं तो वे बाहर जाकर अपना स्वयं का रोजगार चला सकते हैं। निदेशक सुरेश कुमार गर्ग ने कहा कि कुशलता से स्वरोजगार करने के लिए बैंक द्वारा तय मानदंडों के अनुसार ऋण दिया जाता है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार शुरू करने के लिए प्रेरित किया।

### ट्रस्ट के गठन पर गांव में चलाया पौधरोपण अभियान

**सिरसा।** गांव सहारणी में डेरा बाबा बुढणशाह सहारणी चैरिटबल ट्रस्ट का गठन किया गया है जिसमें बाबा सुरेंद्र कुमार को प्रधान चुना गया है। उनके अलावा देसराज सोनी उपप्रधान, सहसचिव विरेंद्र कुमार, सचिव गुरविंद्र सिंह, कैशियर नीतिश कुमार, सदस्य राजीव कुमार व प्रिंस ग्रोवर को नियुक्त किया गया। ट्रस्ट के गठन के मौके पर ट्रस्ट पदाधिकारियों की ओर से गांव में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रस्ट पदाधिकारियों ने गांव में फलदार, फूलदार व औषधीय पौधे रोपित किए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। बाबा सुरेंद्र कुमार ने कहा कि ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य समाजसेवी कार्यों को करना है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण अभियान का उद्देश्य यही है कि आमजन में एक संदेश जाए कि पर्यावरण का संरक्षण करना परमावश्यक है।

---

## न्यूज डायरी

### सरकारी योजनाओं का विद्यार्थी उठाएं लाभ : सिंह

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अली मोहम्मद में स्टाफ सदस्यों ने गांव के सरपंच गुगन राम लूना, गांव के गणमान्य व्यक्तियों, स्टाफ सदस्यों और बच्चों के साथ मिलकर विद्यालय के अंदर नामांकन बढ़ाने के लिए घर-घर जाकर सर्वे किया और बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिला लेने के लिए प्रेरित किया और विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में अवगत करवाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मुखिया दीवान सिंह व एसएमसी प्रधान रूली राम ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकारी स्कूलों में सरकार की ओर से विद्यार्थियों को बेहतर ढंग से शिक्षा उपलब्ध करवाने के साथ-साथ अनेक कल्याणकारी योजनाएं भी चलाई जा रही है, जिनसे विद्यार्थी लाभांवित हो रहे हैं। इस मौके पर कालू दास, डॉ. महेंद्र स्टाफ सदस्य सरला, ममता, अनु, सरिता, सतपाल, कुलदीप सिंह, मनदीप सिंह, सेवक दास और गांव के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### श्री इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में नवरात्रा महोत्सव 30 से

**सिरसा।** नोहरिया बाजार गली गोलछा वाली स्थित श्री इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर में 58वां नवरात्रा महोत्सव 30 मार्च रविवार से श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी बालकृष्ण दायमा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी 58वां नवरात्रा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि नवरात्रों के दौरान प्रतिदिन सुबह सवा आठ बजे, दोपहर सवा 12 बजे व शाम को सवा सात बजे मां भगवती की त्रिकाल आरती होगी। दोपहर में आरती के बाद मां भगवती का भजनों के माध्यम से गुणगान किया जाएगा। नवरात्रों में मां भगवती के समक्ष 21 अखंड ज्योत जलाई जाएगी। नवरात्रों के समापन अवसर पर 06 अप्रैल को मंदिर परिसर में हवन यज्ञ होगा, उसके बाद कन्याओं की पूजा करके 108 कन्याओं को भोजन करवाया जाएगा।

### ईमानदारी व योग्यता से ही तरक्की संभव: डॉ. जयप्रकाश

**सिरसा।** विद्यार्थियों के बीच करियर और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए जेसीडी मेमोरियल कॉलेज के प्लेसमेंट और प्रशिक्षण सेल ने शनिवार एक प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। इस ड्राइव में एचडीएफसी बैंक और एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने बैंकिंग सेक्टर के विभिन्न प्रोफाइल में 25 विद्यार्थियों का चयन किया। एचडीएफसी बैंक की ओर से असिस्टेंट मैनेजर सुमित और जोनल हेड विकास ने चयन प्रक्रिया में भाग लिया वहीं एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की ओर से एसओ युवराज मेहता, ब्रांच मैनेजर राजेश और एसएम कमल सैनी ने विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया। जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्लेसमेंट ड्राइव विद्यार्थियों के भविष्य के करियर को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### श्री रामनवमी पर रामा क्लब करेगा सत्संग व भंडारा

**सिरसा।** श्री रामा क्लब चेरीटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों की बैठक शनिवार को प्रधान अश्विनी बठला की अध्यक्षता में हुई जिसमें रामनवमी पर्व मनाए जाने के बारे में निर्णय लिया गया। क्लब के मुख्य संरक्षक श्याम बजाज, प्रधान अश्वनी बठला, उपप्रधान अनिल बांगा, महासचिव गुलशन वधवा, सचिव मिंटू कालड़ा सहित समस्त ट्रस्टीगण ने बताया कि श्री रामा क्लब चेरीटेबल ट्रस्ट पिछले कई सालों की तरह इस साल भी भगवान श्री रामनवमी का पर्व धूमधाम व श्रद्धा से मनाएगा। आगामी 6 अप्रेल को जनता भवन रोड स्थित श्री रामा क्लब के रामलीला ग्राउंड में सत्संग व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 6 अप्रेल को प्रातः 10 बजे से सत्संग होगा, जिसमें शिवचरण त्रिपाठी भगवान राम की महिमा का गुणगान करेंगे। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

---

## हलके के विकास कार्यों में नहीं आने दूंगा कोई कमी: केहरवाला

- विभिन्न गांवों में पहुंचकर लोगों का किया धन्यवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। गांव मतड़ में दो इंटरलॉकिंग गलियों का शिलान्यास करते विधायक।

कालांवाली के कांग्रेस विधायक शीशपाल केहरवाला ने कहा कि उन्होंने अपने हलके के विकास व मतदाताओं की समस्याओं का प्राथमिकता से निदान करने की शपथ ली हुई है और वे अपने मतदाताओं द्वारा दी गई ताकत से सड़क से लेकर विधानसभा तक जनहित के मुद्दे उठाकर सरकार को उन्हें हल करने के लिए बाध्य कर रहे हैं। वे शनिवार को अपने हलके के विभिन्न गांवों नागोकी, अलीकां, रंगा, लहंगेवाला, मतड़, मलड़ी, भीमा, थिराज आदि में ग्रामीणों का धन्यवाद करने के दौरान बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने गांव मतड़ में दो इंटरलॉकिंग गलियों का शिलान्यास किया तो वहीं गांव लहंगेवाला में निर्मित चबूतरे का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक शीशपाल केहरवाला ने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में उन्होंने हलके के विकास व हलकावासियों की मांगों को प्राथमिकता पर शासन के समक्ष रखा और उन्हें जल्द से जल्द उनके हलके में जनहित से जुड़ी योजनाओं का लाभ देने की मांग की।

---

### राजकीय स्कूल में वार्षिक उत्सव 'उड़ान' का आयोजन

## बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने किया मंत्र-मुग्ध

- कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा



चौपटा। सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

गांव चाहरवाला स्थित राजकीय कन्या उच्च विद्यालय व राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय में 'उड़ान' वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन सूरजभान बुमरा, सरपंच प्रतिनिधि अशोक कुमार और प्रोफेसर सीताराम ने कार्यक्रम में शिरकत की। अध्यापक शलेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की गई। कार्यक्रम में अनेक बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। बच्चों द्वारा प्रस्तुत शिव तांडव नृत्य पर सभी मंत्र मुग्ध हो गए। ग्रामीण आंचल में इस प्रकार की प्रस्तुति संभवत पहली बार दी गई है। बच्चों द्वारा एसिड अटैक, दहेज हत्या और समाज में लड़कियों के साथ हो रहे भेदभाव को लेकर के एक सुंदर संदेश ने अपने कार्यक्रम 'टुकड़ा-टुकड़ा' के द्वारा मोनिका, दीप्ति नंदिनी, सलोनी, नव्या आदि द्वारा दिया गया। समाज में व्याप्त अंधविश्वास को दूर करने हेतु एक सुंदर प्रस्तुति रक्त चरित दी गई जिसमें किरण, ललिता, योगीता, प्रवीण, सलोनी, पूजा आदि ने भाग लिया। शिव तांडव में खुशबू, राजबाला, तमन्ना, सरोज, प्रतिज्ञा, साक्षी, महक, पूजा, नीतिका, मोनिका, चेतना, कविता, सलोनी आदि बच्चों ने प्रस्तुत भी प्रस्तुति दी। मंच संचालन अध्यापक विजय सिंह व मनोज कुमार ने किया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल, मुख्य अध्यापक और अध्यापक मौजूद रहे। मुख्य अध्यापक पृथ्वी सिंह नागल ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम होने से बच्चों में एक अच्छा संदेश जाता है और बच्चों का मनोबल बढ़ता है। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ सदस्य मोहनलाल, विजय सिंह, सुरेंद्र कुमार, प्रहलाद राय, रविंदर, प्रहलाद, राजेश कुमार, शारदा रानी, एसएमसी प्रधान महेंद्र जांगड़ा, सुनील फगेडिया, मुकेश बैनीवाल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### किसान के खेत से ट्रांसफार्मर चोरी

**सिरसा।** ओढां थाना क्षेत्र के गांव टप्पी में चोर एक किसान के खेत से ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। ओढां थाना पुलिस ने विद्युत निगम कालांवाली के एसडीओ की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसडीओ ने दी शिकायत में बताया कि बीती 23 मार्च की रात्रि को अज्ञात चोर गांव टप्पी में किसान रामलाल के खेत में लगा निगम का ट्यूबवेल का कनेक्शन ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए।

### नोटिस बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नोटीफिकेशन एवं इनफोरमेशन कमेटी व एनुअल कम को करिकूलम कमेटी की ओर से नोटिस बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों से सभी प्रकार की सूचना समयानुसार मिलती रहती है। छात्रों को पढाई के साथ-साथ इन ज्ञानात्मक क्रियाओं में भाग लेना चाहिए।

### अंत्योदय परिवारों के लिए दयालु योजना शुरू : कौर

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) अंत्योदय परिवारों को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। यह योजना उन परिवारों को सहायता प्रदान करती है जो किसी सदस्य की मृत्यु अथवा स्थाई विकलांगता के कारण आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

### रतिया से बुजुर्ग लापता तलाश में जुटी पुलिस

**फतेहाबाद।** जिले के रतिया क्षेत्र से एक बुजुर्ग के लापता होने का समाचार है। इस बारे परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव लाली निवासी हरसरूप ने कहा है कि उसके 82 वर्षीय पिता उदय सिंह करीब दो महीने पहले घर से राजस्थान जाने की बात कहकर घर से गए थे और उसके बाद अब तक वापस घर नहीं लौटे है। इसके बाद उन्होंने अपने स्तर पर उनकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब उनके बारे में कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### अरोड़ा खत्री कम्युनिटी की कार्यकारिणी का विस्तार

**फतेहाबाद।** अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के फतेहाबाद जिला अध्यक्ष रविंद्र मेहता पार्षद ने हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष औम प्रकाश चुघ से विचार विमर्श कर राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिब दयाल वधवा व संस्थापक कमल हांडा की अनुमति व दिशा निर्देशन में फतेहाबाद जिला, विधानसभा व विभिन्न प्रकोष्ठों की कार्यकारणियों का विस्तार किया।

### बाइक सवारों ने किसान से नकदी छीनी, केस

**फतेहाबाद।** भूना में बाईक सवार दो युवकों द्वारा एक किसान से मारपीट कर और पिस्तौल दिखाकर हजारों की नकदी छीनकर फरार होने का मामला सामने आया है। इस बारे किसान की शिकायत पर भूना पुलिस ने केस दर्ज कर युवकों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में हिसार रोड, भूना निवासी हंसराज ने कहा है कि वह अपने घर से साइकिल पर अपने खेत जा रहा था।

### लूट की योजना बनाते तीन बदमाश गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने बलियाला हैड के समीप वाहन चालकों की लूटने की योजना बनाते तीन युवकों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। थाना शहर टोहाना प्रभारी एसआई देवीलाल ने बताया कि युवकों ने अपना नाम संदीप, अक्षय, आकाश को गिरफ्तार किया। पुलिस ने संदीप के पास से एक स्टील की पाइप, अक्षय के पास से एक लोहे की राड और आकाश के पास से एक पेचकस बरामद हुआ।

## नवनियुक्त शहरी मंडल अध्यक्ष को सांसद ने दी बधाई

# टोहाना में बराला समर्थक रमन मड़िया बने शहरी अध्यक्ष

### बबली के करीबी संकेत गर्ग को 10 दिन बाद हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



फतेहाबाद। टोहाना भाजपा के नए शहरी अध्यक्ष रमन मडिया को बधाई देते सांसद सुभाष बराला। फोटो : हरिभूमि

टोहाना में भाजपा के शहरी मंडल में बड़ा बदलाव हुआ है। यहां पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली के करीबी संकेत गर्ग को हटाकर उनकी जगह राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के समर्थन रमन मडिय़ा को शहरी अध्यक्ष बनाया गया है। बता दें कि मंडल अध्यक्ष पद पर यह नियुक्ति विवादों से घिरी है।

पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा ने संकेत गर्ग को अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में संकेत गर्ग को इस पद पर नियुक्त किया था, लेकिन महज दस दिन बाद ही नए जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने उन्हें हटाकर रमन मडिय़ा को यह जिम्मेदारी सौंप दी। पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली और राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के बीच 36 का आंकड़ा चला आ रहा है। नवनियुक्त शहरी मंडल अध्यक्ष रमन मडिय़ा ने शनिवार को राज्यसभा सांसद सुभाष बराला से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। राज्यसभा सांसद ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष को बधाई एंव शुभकमनाएं देते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि रमन मडिय़ा संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों को पूरी मेहनत, लगन और निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र को अपनाते हुए संगठन को मजबूत करेंगे और सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राज्यसभा सांसद ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और राज्य सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जनता को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

सांसद ने कहा कि वर्तमान सरकार में सडक़ निर्माण से कनेक्टिविटी बेहतर हुई है, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का विस्तार हुआ है और शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में नए अवसर पैदा किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य हर नागरिक तक सरकार की सुविधाएं पहुंचाना और समग्र विकास को बढ़ावा देना है।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस मौके पर नवनियुक्त शहरी मंडल अध्यक्ष टोहाना रमन मडिय़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गर्ग, अनिल भाटिया, कृष्ण बंसल, रविन्दर मेहता, जीवन बंसल, संजय सिंगला, दीपक बंसल, पार्षद जगमेल कटारिया, रमेश मेहता, जगदीश, राहुल बंसल, पार्षद निखिल सिंगला, मस्तुरात, रिंकू गर्ग, सन्नी मेहता, बृजमोहन अरोड़ा, ईश्वर फौजी, कमल गुप्ता, सुदेश मडिय़ा, बबू मडिय़ा, ललित मोहन, स्वीट मेहता, अनीता मेहता, लवली मोंगा, सुरेन्द्र नैन, सुरेश मेहता, मनु सिंगला, अशोक सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# युवाओं को करेंगे जागरूक : कमल

- रेड रिबन क्लबों को किया स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा




सिरसा। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते रेड रिबन क्लबों के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

नागरिक अस्पताल में जिला के विभिन्न कालेजों के रेड रिबन क्लबों के सदस्यों के लिए शनिवार को प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। आईसीटीसी काउंसलर एवं जिला रेड रिबन क्लब समन्वयक कमल निर्वाण ने बताया इस 3 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर मैं जिला सिरसा के 23 कॉलेजों के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान एड्स, मानसिक स्वास्थ्य, नशामुक्ति, टीबी, यौनरोग से संबंधित विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

इन प्रशिक्षित नोडल टीचर्स की देखरेख में उनके संस्थान में पूरे वर्ष भर विभिन्न स्वास्थ्य गतिविधियां जैसे पोस्टर मेकिंग, नेल आर्ट, ड्रामा, भाषण, मैराथन, रंगोली जैसी सृजनात्मक गतिविधियां करवाई जाती हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा इन विषयों के प्रति युवाओं में जागरूकता फैल सके।

## मार्केट न्यूज

### तनिष्क ने सिरसा में अपने शानदार स्टोर को फिर से शुरू किया

28 मार्च 2025: भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी ब्रांड और टाटा परिवार का एक सदस्य, तनिष्क ने सिरसा में अपने सबसे बड़े स्टोर को फिर से शुरू करके अपने रिटेल विस्तार में महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। नॉर्थ 4 के रीजनल बिज़नेस मैनेजर श्री चंदन पारीक ने सुबह 11.30 बजे इस स्टोर का उद्घाटन किया। इस



शानदार स्टोर के फिर से शुरू होने की ख़ुशी को अपने उपभोक्ताओं के साथ बांटने के लिए ब्रांड ने हर खरीदारी पर सोने के सिक्का निःशुल्क उपहार के रूप में देने की घोषणा की है। 28 मार्च से 30 मार्च 2025 तक इस आकर्षक ऑफर का लाभ उठाया जा सकता है। तनिष्क सिरसा स्टोर, बस स्टैंड के सामने, हिसार रोड, सिरसा पर स्तिथ है। 4000 स्क्वायर फीट के स्टोर में प्लेन सोने, हीरे, कुंदन और पोल्की में बने तनिष्क के बेहद खूबसूरत डिज़ाइन्स की विशाल श्रेणी उपलब्ध है। इस स्टोर में तनिष्क का सबसे नया नैचरल डायमंड कलेक्शन 'अनबाउंड' भी है, जो आधुनिक भारतीय महिला की स्वतंत्र सोच, उनके व्यक्तित्व और उनकी जिन्दगी के कई पहलुओं को सम्मानित करता है। हर दिन पहनने के लिए तनिष्क के शानदार और वर्सटाइल आभूषणों का कलेक्शन 'ग्लैमडेज़' और वज़न में हल्के लेकिन बहुत ही अनोखे आभूषणों का कलेक्शन 'स्ट्रिंग इट' भी यहां है।

### सीएमके में विस्तार वार्ता का आयोजन

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में वूमैन सेल की ओर से लिंग संवेदीकरण-भूतकाल और वर्तमान विषय पर विस्तार वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर कॉलेज प्राचार्या प्रो. रंजना ग्रोवर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लिंग संवेदीकरण लोगों को लैंगिक समानता या लैंगिक भेदभाव को खत्म करने की आवश्यकता के बारे में जागरूक करने की प्रक्रिया है। इसमें समाज में प्रचलित मौजूदा लैंगिक भूमिकाओं, रूढ़ियों और पूर्वाग्रहों को समझना और उन्हें चुनौती देना शामिल है। कार्यक्रम की संयोजिका व इतिहास विभाग की अध्यक्षा डॉ. मंजू देवी ने मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि लिंग संवेदीकरण का उद्देश्य एक समान और न्यायपूर्ण समाज बनाना है।

# ऋग्वेद पारायण यज्ञ का शुभारंभ

- आर्य समाज के 150वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



फतेहाबाद। आर्य समाज के 150वें स्थापना दिवस पर आयोजित ऋग्वेद पारायण यज्ञ में भाग लेते सदस्य। फोटो : हरिभूमि

आर्य समाज के स्थापना दिवस के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में सुंदर नगर स्थित आर्य समाज मंदिर में ऋग्वेद पारायण यज्ञ का शुभारंभ आचार्य पवनवीर, प्रबंधक आदर्शन गुरूकुल दूधली खतौली, मुज्जफरनगर, यूपी के ब्रह्मत्व में हुआ। आर्य समाज मंदिर के पुरोहित दीपक शास्त्री व प्रताप शास्त्री ने वैदिक मंत्रो का उच्चारण किया।

आज के यज्ञ के यज्ञमान आर्य समाज फतेहाबाद के प्रधान अरूण ग्रोवर, सतीश चौधरी, पूर्व पार्षद पंकज मुखी व मा. रोशन लाल गोदारा सपत्नीक शामिल हुए तथा वैदिक मंत्रो के साथ आहूतियां प्रदान की। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य पवनवीर ने कहा कि यज्ञ संसार का सर्वश्रेष्ठ कार्य है। यज्ञ से वनस्पति, ऋतु संतुलन तथा वायु प्रदूषण का समन्वय बना रहता है। उन्होंने कहा कि संसार में यज्ञ से प्राणी मात्र को लाभ मिलता है। वनस्पति औषधियां इससे उपयोगी बन जाती है। प्रधान अरूण ग्रोवर ने बताया कि ऋग्वेद पारायण यज्ञ 30 मार्च तक चलेगा व दोपहर 12 बजे यज्ञ की समाप्ति होगी।

# कार्यकर्ताओं को मिलेगा पूरा सम्मान : जोड़ा

- फतेहाबाद, भूना व भट्टू मण्डल में भाजपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



फतेहाबाद। भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

भाजपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा के स्वागत को लेकर फतेहाबाद विधानसभा के ग्रामीण मंडल का खजूरी जाटी, भूना मंडल का पुरानी जनता धर्मशाला व भट्टू मंडल का अग्रवाल धर्मशाला में किया गया स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का स्वागत किया। इस अवसर पर फतेहाबाद ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सीताराम पूनियां, भूना मंडल मनदीप योगी और भट्टू मंडल अध्यक्ष जसवंत माचरा भी मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक, प्रजातांत्रिक राजनीतिक पार्टी है जिसमें कार्यकर्ताओं को पूरा मान सम्मान दिया जाता है। भाजपा संगठन के आंतरिक चुनावों के माध्यम से योग्य व सक्रिय भाजपा कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाएगी जो कि भविष्य के बड़े नेताओं को तैयार करने का अवसर प्रदान करेंगी। जोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनकल्याणकारी सोच एवं नीतियों से प्रभावित होकर प्रदेश की जनता ने भाजपा की नीतियों एवं योजनाओं की बदौलत भाजपा को तीसरी बार प्रदेश की बागडोर सौंपी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं जनता की भलाई के लिए चलाई गई योजनाओं की ऑनलाइन होकर लोगों से फीडबैक लेते हैं। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का स्वागत किया।

# तनिष्क ने सिरसा में फिर शुरू किया स्टोर

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा



भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी ब्रांड और टाटा परिवार का एक सदस्य, तनिष्क ने सिरसा में अपने सबसे बड़े स्टोर को फिर से शुरू करके अपने रिटेल विस्तार में महत्वाकांक्षी कदम उठाया है।

### स्टोर का उद्घाटन

नॉर्थ 4 के रीजनल बिज़नेस मैनेजर चंदन पारीक ने इस स्टोर का उद्घाटन किया। इस शानदार स्टोर के फिर से शुरू होने की ख़ुशी को अपने उपभोक्ताओं के साथ बांटने के लिए ब्रांड ने हर खरीदारी पर सोने के सिक्का निःशुल्क उपहार के रूप में देने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि 30 मार्च तक इस आकर्षक ऑफर का लाभ उठाया जा सकता है। तनिष्क सिरसा स्टोर, बस स्टैंड के सामने, हिसार रोड पर स्थित है। पारीक ने बताया कि स्टोर में प्लेन सोने, हीरे, कुंदन और पोल्की में बने तनिष्क के बेहद खूबसूरत डिज़ाइन्स की विशाल श्रेणी उपलब्ध है। इस स्टोर में तनिष्क का सबसे नया नेचुरल डायमंड कलेक्शन 'अनबाउंड' भी है, जो आधुनिक भारतीय महिला की स्वतंत्र सोच, उनके व्यक्तित्व और उनकी ज़िन्दगी के कई पहलुओं को सम्मानित करता है। हर दिन पहनने के लिए तनिष्क के शानदार और वर्सटाइल आभूषणों का कलेक्शन 'ग्लैम डेज़' और वजन में हल्के लेकिन बहुत ही अनोखे आभूषणों का कलेक्शन 'स्ट्रिंग इट' भी यहां है।

तनिष्क का वेडिंग ज्वेलरी सब-ब्रांड 'रिवाह' के अद्भुत आभूषणों की खरीदारी भी इस स्टोर में की जा सकती है। भारत भर के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं की फैशन पसंद के अनुरूप रिवाह के आभूषणों को बहुत ही सोच-समझकर बनाया गया है, शादी के आभूषणों की खरीदारी के लिए रिवाह बाय तनिष्क वन-स्टॉप डेस्टिनेशन बन चुका है।

# 'सरबत दा भला' टीम का गठन

- दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद




फतेहाबाद। सरबत दा भला जिला फतेहाबाद की नई टीम शपथ लेते हुए।

सरबत दा भला जिला फतेहाबाद की नई टीम का गठन अगामी तीन वर्षो के लिए किया गया। सरबत दा भला के अंतरराष्ट्रीय चैयरमैन डॉ. एसपी सिंह ओबरॉय एंव राष्ट्रीय अध्यक्ष जस्सा सिंह संधू द्वारा हेड ऑफिस से जारी पत्रों को नई टीम को शपथ ग्रहण समारोह में दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य मेहमान के तौर पर सिटी वेलफेयर क्लब के प्रदेशाध्यक्ष विनोद अरोड़ा विशेष तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने नई टीम को शुभकामनाएं दी एवं नये दायित्व की शपथ ग्रहण करवाई। उन्होंने कहा कि सरबत दा भला संस्था समाजसेवा के कार्य कर रही है। संस्था किसी भी तरह का दान चंदा या सदस्यता शुल्क नहीं लेती है, इसलिए आज डॉ. एसपी सिंह ओबरॉय पूरे विश्व मे एक आदर्श स्थापित कर रहे है व उन्के सानिध्य मे समाजसेवा कर वह अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे है। वह हमारे आदर्श है। सरबत दा भला फतेहाबाद का जिलाध्यक्ष रसप्रीत सिंह ग्रोवर को बनाया गया वहीं जिला के वरिष्ठ उपप्रधान धर्मपाल चावला, उपप्रधान तिलक राज मोंगा, महासचिव ललित चौधरी, सह सचिव देवेंद्र मोंगा, कोषाध्यक्ष रामनिवास, प्रेस सचिव सुरेश भट्टी को बनाया गया। इसके अलावा विभिन्न विंग के इंचार्ज भी बनाए गए।

# 14 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवक गिरफ्तार, केस

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली



पकड़े गए तस्कर पुलिस गिरफ्त में।

एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने गश्त के दौरान चौटाला रोड क्षेत्र से कार सवार दो युवकों को 14 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि एएसआई बेअंत सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान बिश्नोई मंदिर चौटाला रोड पर मौजूद थे। इस दौरान उन्हें विश्वसनीय सूत्रों से गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि लवप्रीत सिंह उर्फ लवली व सुखजिंद्र सिंह उर्फ किनू हैरोइन की तस्करी करते है और आज भी इसी इरादे से घूम रहे है। सूचना के आधार पर वे चौटाला रोड से गांव शेरंगढ़ की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे कचहरी के पास पहुंचे तो एक कार दिखाई दी जिसमें दो युवक बैठे थे। चालक ने सरकारी गाड़ी को आता देखकर सुंदर नगर को जाने वाली गली में ले गया। कार का पीछा करने पर चालक ने अपनी कार बेक गियर में भगा दी। बाद में पुलिस ने पीछा कर आरोपियों को पकड़ लिया।

## बीएड कॉलेज में वार्षिक एथलीट मीट का आयोजन

# लॉन्ग जंप में मोहित और सुदेश ने मारी बाजी

- एथलेटिक मीट में कॉलेज के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर दमखम दिखाया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



फतेहाबाद। बीएड कॉलेज में विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्या डॉ. जनक रानी।

मनोहर मैमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम खेलकूद की भावना और छात्रों के शारीरिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का कुशल आयोजन स्पोर्ट्स क्लब के इंचार्ज पुनीत द्वारा करवाया गया। इस एथलेटिक मीट में कॉलेज के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लेकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### कॉलेज प्राचार्य ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया

कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रों को खेलकूद की महत्ता और अनुशासन की सीख दी। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में खेलों का बहुत महत्व है। खेलों में भाग लेने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एथलेटिक मीट में प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया। कॉलेज प्राचार्य ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए और उनकी मेहनत की सराहना की गई। स्पोट्र्स क्लब के इंचार्ज पुनीत ने बताया कि लड़कियों के वर्ग में 100 मीटर दौड़ में सुदेश, अनिशा और प्रिया, 200 मीटर दौड़ में इशुदेश, आरती और प्रिया, 400 मीटर दौड़ में सुदेश, निधि और अनिशा, शॉटपुट में सुदेश, शीना और मानिका तथा लोंग जम्प में सुदेश, अनिशा और प्रियंका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। लडकों के वर्ग में 100 मीटर दौड़ में अमित, मोहित व लवकुश, 200 मीटर दौड़ में मोहित, लवकुश व चन्द्रमोहन, 400 मीटर दौड़ में लवकुश, मोहित और अमित, शॉटपुट में पवन, अमित और मोहित तथा लोंग जम्प में मोहित, अमित और लवकुश ने क्रमश पहला, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया।